

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 143 ● मुंबई, सोमवार 20 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## हाईवे पर वाहन चालकों को गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

### अभियुक्त के कब्जे से 88 ग्राम गांजा व जॉईट पेपर बरामद

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशानुसार, गोपाल स्वरूप मेवाडा आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) उदयपुर के सुपरविजन में सूर्यवीर सिंह राठौड वृताधिकारी वृत गिर्वा के निर्देशन में दिलीप सिंह झाला पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना गोवर्धनविलास के नेतृत्व में गोवर्धनविलास पुलिस टीम ने पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए बारापाल में हाईवे से गुजरने वाले ट्रक चालको को गांजा बेचने के आरोप में अभियुक्त लक्ष्मण मीणा पिता रामलाल मीणा उम्र 28 साल निवासी बाजार मौहल्ला बारापाल पुलिस थाना गोवर्धन विलास जिला उदयपुर को गिरफतार कर उसके कब्जे से 88 गाम गांजा व



गांजा पिने के प्रयोग में लिये जाने वाले जॉईट पेपर बरामद किये गये है।

**घटना का विवरणः-** दिनांक 18.01.2025 को थाना गोवर्धनविलास की टीम को सर्कल गस्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की बारापाल हाईवे के किनारे एक युवक हाईवे से गुजरने वाले ट्रक चालकों को अवैध रूप से गांजा के जॉईट बनाकर बेच रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम बारापाल पहुंची, जहां पर एक युवा उम्र का लडका पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसका पुलिस टीम द्वारा पिछा कर पकडा व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम लक्ष्मण मीणा पिता रामलाल मीणा उम्र 26 साल निवासी बाजार मौहल्ला बारापाल पुलिस थाना गोवर्धन विलास जिला उदयपुर होना बताया। जिसको भागने का कारण पूछा तो कोई संतोषप्रद जवाब नही दिया। जिसकी तलाशी ली तो उसकी जेब में एक पॉलिथीन की थैली मिली जिसमें गांजा व जॉईट पेपर होना पाया गया। जिसके बारे पूछताछ की तो उसने बताया की वह हाईवे पर गुजरने वाले ट्रक चालकों को गांजे के जॉईट बनाकर बेचता हूं। उक्त घटना पर अभियुक्त के कब्जे से मौके पर 88 गाम अवैध गांजा जप्त कर अभियुक्त लक्ष्मण मीणा को गिरफतार किया गया है। जिससे गांजा खरीदने के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त घटना पर प्रकरण संख्या 29/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पतेः उक्त कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का नाम-पता निम्न है। लक्ष्मण मीणा पिता रामलाल मीणा उम्र 26 साल निवासी बाजार मौहल्ला बारापाल पुलिस थाना गोवर्धन विलास जिला उदयपुर।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**बिलासपुर।** महिला संबंधी मामले को लेकर सरकण्डा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया। सरकंडा पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया ने दिनाक 16.01.2025 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि वाट्सअप के माध्यम से वर्ष 2022 में आयुष पाण्डेय उर्फ रिषु से इसका जान पहचान हुआ था जिससे बातचीत होती थी कि इस दौरान आयुष पाण्डेय शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दैहिक शोषण कर बालात्कार किया है एवं वर्तमान में शादी करने से इन्कार कर रहा है। प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय बिलासपुर रजनेश सिंह (भा.पु.से.) को अवगत कराया गया, जिनके द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गए। थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी आयुष पाण्डेय को रिपोर्ट के महज 12 घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आयुष पाण्डेय उर्फ रिषु पिता रामगोपाल पाण्डेय उम्र 27 वर्ष निवासी जबड़ापारा गली नं. 3, थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### धारावी में बम की धमकी का झूठा दावा करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर धारावी में बम रखे जाने का झूठा दावा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कॉल शुक्रवार को की गई थी, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। अधिकारी ने बताया, हमने तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर शुक्रवार रात को ही नरेंद्र गणपत कवल को धारावी से गिरफ्तार किया। उसने दावा किया था कि धारावी के राजीव गांधी नगर में बम रखा गया है। हमारी जांच में पता चला है कि आजाद मैदान पुलिस थाने में उसके खिलाफ इसी तरह के अपराध का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, उन पर भारतीय न्याय संहिता के तहत आरोप लगाया गया है।

### भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की उदयपुर चैप्टर की नई कार्यकारिणी घोषित



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की उदयपुर चैप्टर की नई कार्यकारिणी 2025 का चयन किया गया । उदयपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष सी एस पुष्कर लाल जाट ने बताया कि प्रतिवर्ष जनवरी माह में आने वाली नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है। इस वर्ष सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए सी एस सूर्य प्रकाश मोड़ निर्वाचित हुए है। उपाध्यक्ष पद के लिए सी एस शैलेश जैन, सचिव पद के लिए सी एस रोहिणी अवचार तथा कोष्याध्यक्ष पद के लिए सी एस अर्पित कालानी निर्वाचित हुए । कमिटी के अन्य सदस्य सी एस भानुप्रिया मेहता एवम् पूर्व अध्यक्ष सी एस महिपाल सिंह सोलंकी बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएस भरत चौधरी, सी ए पियूष खटोड़ सीएस नम्रता पालीवाल भी मौजूद रहे ।

### मासमा उपाध्यक्ष पुरोहित के नूतन दुकान का लोढ़ा के करकमलो से भव्य उद्घाटन

**पदमावत मीडिया, मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के गुलालवाड़ी मे समाजसेवी व मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित के नूतन दुकान प्रीमियर हार्डवेयर कलेक्शन का भव्य उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के केबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के कर कमलो से फीता काटकर किया गया। उद्घघाटन के बाद मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, भाजपा उपाध्यक्ष पवनराज संघवी व पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा का गणपत पुरोहित व धुड़ाराम पुरोहित ने राजस्थानी साफा पहनाकर भव्य सत्कार किया गया। केबिनेट मंत्री लोढ़ा ने पुरोहित परिवार के नूतन व्यवसाय हार्डवेयर दुकान के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी।

एनडीपीएस केस में फरार महिला वारंटी गिरफ्तार, हथुनिया पुलिस की कार्रवाई

### हथुनिया पुलिस ने झाबुआ के मेहंदीखेड़ा से पकड़ा, 2017 से थी फरार



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले की हथुनिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में फरार चल रही महिला स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। हथुनिया थाना प्रभारी इंद्रजीत परमार को सूचना मिली थी कि वर्ष 2017 के एनडीपीएस केस में वांछित महिला अपने निवास स्थान पर आई हुई है। इस सूचना पर एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने झाबुआ जिले के अंतावलिया थाना क्षेत्र के मेहंदीखेड़ा से आरोपी मथुरा पत्नी बाबू बारिया भील को गिरफ्तार किया। यह मामला विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस प्रकरण प्रतापगढ़ की अदालत में दर्ज प्रकरण संख्या 07/2017 से जुड़ा है, जिसमें धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया गया।

9 फरवरी को होगा 11वां अंचल स्तरीय जनजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह

## प्रतिभा राष्ट्र की धरोहर हैः डॉ. मन्ना लाल रावत

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** 11वां आचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान एवं सर्व समाज शिक्षक गौरव समारोह उदयपुर में 9 फरवरी, रविवार को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए श्री मेवाड-वागड़-मालवा जनजाति विकास संस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक किसान भवन में प्रभु लाल डिंडोर के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्थान के केंद्रीय संयोजक एवं उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रतिभाएं राष्ट्र की धरोहर है एवं इनकी खोज, संरक्षण, प्रोत्साहन एवं एक मंच पर लाना हम सभी का कर्तव्य है।

इससे ही भावी नेतृत्व तैयार होता है. समाज में सकारात्मक गतिविधियां बढ़ती है एवं सकल एकता तत्व भी मजबूत होता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर सिंह आर्य, अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली होंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि दुर्गा दास उईके, केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री, बाबूलाल खराड़ी कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार एवं हेमंत मीणा राजस्व मंत्री राजस्थान सरकार रहेंगे। पूर्व सांसद एवं संस्थान के संस्थापक रघुवीरसिंह मीणा ने बताया कि हमें भामाशाह भी बनना है, क्योंकि कण-कण से मण होता है। उनके



अनुसार समाज के वरिष्ठ जन को मिलकर ऐसा प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन करना है। साथ ही राजनीतिक चिंतन से ऊपर उठकर प्रतिभाओं को आगे लाने के अधिकाधिक कार्यक्रम किये जाने चाहिए। संस्थान का इस प्रकार के कार्यों का एक पुरा रिकॉर्ड है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद एवं संस्थान के संरक्षक अर्जुन लाल मीणा के अनुसार किसी कार्यक्रम की निरंतरता से ही उसकी सफलता चरितार्थ होती है। उनके अनुसार युवाओं के लिए केंद्रित यह कार्यक्रम सर्व समाज में भी चर्चा में है, और इसे जन सहयोग से किया जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पीएल डिंडोर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मेवाड़ वागड-मालवा अंचल के 9 जिलों के 500 से अधिक प्रतिभाओं एवं 50 से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन में विषय विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को प्रेरित करने वाले उद्बोधन होंगे। कार्यक्रम में 11वें अंचल स्तरीय आयोजन के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीबी मीणा ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी भरत परमार, निरंजन दरंगा, डॉ. थावरचंद डामोर, लालू राम गरासिया, खेमराज परमार, राजेश कटारा, बलदेव दरंगा, केशु लाल मीणा, संतोष परमार, डॉ दीपक निनामा, डॉ. केसरीमल निनामा सहित 8 जिलों के 150 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

उदयपुर जिले में थाना गोगुंदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### 10 लड़कियां, 18 युवक... डॉलर में मिली रकम, रेव पार्टी-वैश्यावृत्ति पर पुलिस का शिकंजा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले की गोगुंदा में रेव पार्टी और वेश्यावृत्ति के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है. पुलिस ने यह कार्रवाई 2 अलग-अलग फॉर्म हाउस पर की हैं. जहां अश्लील ड्रेस पहने हुए 10 विदेशी लड़कियों के साथ 18 युवकों को गिरफ्तार किया गया है. खुमानपूरा के द स्काई साइन हॉलिडे होम फॉर्म हाउस पर की गई कार्रवाई में एक हत्रुद्ध के पास से 3 लाख 20 हजार के डॉलर के साथ गिरफ्तारी हुई है. साथ ही मौके से नशीले पदार्थ और कई संदिग्ध वस्तु भी बारमद हुए है।

#### पुलिस ने अंदर पहुंची तो लड़कियां कर रही थी डांस

जानकारी के अनुसार इस पार्टी में शामिल होने के लिए दस हजार का टिकट निर्धारित किया गया था. इस पार्टी में अलग-अलग राज्यों से लड़कियों को बुलाया गया था. गिर्वा ष्ठङ्घस्क सूर्यवीर सिंह व पश्चिम ष्ठङ्घस्ककैलाश खोरीवाल के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया. पुलिस ने जब फॉर्म हाउस में एंट्री की तो तेज आवाज में गाने बज रहे थे और लड़कियां अश्लील ड्रेस पहनकर डांस कर रही थी. साथ ही वहां मौजूद युवक उनपर पैसे उड़ा रहे थे।

#### मौके से कई संदिग्ध वस्तु हुई बरामद

पुलिस को रेव पार्टी और वेश्यावृत्ति की सूचना मिल थी. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गुजरात नंबर की गाड़ियां, मोबाइल और नकदी की बरामद कार्रवाई के दौरान गोगुंदा पुलिस का जाब्ता मौजूद रहा है. साथ ही पुलिस ने मौके से गांजा, शराब के साथ कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की हैं।

### सनातन संस्कार शाला में सिखाई निः युद्ध कला

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सर्व ब्राह्मण एकता परिषद, सनातन पाठशाला, गीता परिवार और संस्कृत भारती उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सनातन संस्कार शाला के आयोजन में पाइन वर्ल्ड स्कूल काशीपुरी, सेक्टर 5 में रविवार को निः युद्ध कला प्रशिक्षक कपिल सोनी ने प्रतिभागियों को आत्म रक्षा के गुर सिखाए। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि उन्होंने स्फूर्ति, आत्म विश्वास, साहस और धैर्य बढ़ाने हेतु अभ्यास करवाए। शिविर में वैदिक पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की पुण्य तिथि पर विशेष वेद मंत्रों के साथ यज्ञ कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने महाराणा प्रताप के बाल्य काल से ही शौर्य, पराक्रम और वीरता के प्रसंग सुनाकर राष्ट्र भक्त बनने हेतु प्रेरित किया। संस्कृत संभाषण एवं श्लोकों के माध्यम से संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत विद्वत परिषद प्रमुख डा रेनू पालीवाल ने अभिवादन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपने बड़ों को अभिवादन करने से आयु, विद्या, यश और बल में वृद्धि होती है। उन्होंने संस्कृत में परिचय देना सिखाया। योग प्रशिक्षक कुलदीप जोशी ने सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रियटक आसन, सूर्य नमस्कार, कपाल भाती, भ्रामरी और उदगीत प्राणायाम का अभ्यास करवाया ।रचनात्मक गतिविधियों द्वारा बच्चों को संस्कारवान, ईश्वर भक्त, राष्ट्र भक्त, सुयोग्य नागरिक बनाने के उद्देश्य से चल रही इस रविवारीय सनातन संस्कार शाला में शिविर आयोजन की व्यवस्था हेतु अमृत रंजन पांडे, नवनीत भट्ट, सुभाष चंद्र मेहता, भाग्य श्री शर्मा,भरत शर्मा,मधु कांत शर्मा, मंजू वैष्णव, नीता जोशी और शैलेन्द्र जोशी द्वारा अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी पटना पहुंचे

## 85 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं : देवनानी

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को पटना पहुंचे। देवनानी के साथ विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा भी पटना गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर देवनानी की अगवानी बिहार विधानसभा के अधिकारीगण और राजस्थान विधानसभा के उप सचिव सुशील शर्मा ने की। देवनानी पटना में



सोमवार से बिहार विधानसभा में आयोजित होने वाले 85 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी इस सम्मेलन में संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने में संसद एवं राज्य विधानमण्डलों के योगदान विषय पर देश के विभिन्न राज्यों के विधानमण्डलों के प्रतिनिधिगण को सम्बोधित करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी सम्मेलन में भाग लेने के बाद नालंदा, बोधगया और गया जैसे पावन स्थलों का दौरा भी करेंगे। देवनानी बोधगया में महाबोधी मंदिर और गया में विष्णुपाद मंदिर में दर्शन, पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे। देवनानी का बुधवार रात्रि को जयपुर लौटने का कार्यक्रम है।

झालावाड़ जिले में थाना भालता पुलिस की कार्रवाई

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी में तीन साल से वांछित दस हजार रूपये ईनामी मुंबई से गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**झालावाड़ ।** जिले की थाना भालता पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में 3 साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी चैन सिंह पुत्र धन्ना लाल निवासी पचौला थाना अकलेरा जिला झालावाड को मुंबई से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में अवैध कार्यो व संगठित अपराधों व मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ निरन्तर अभियान चलाया जाकर प्रभावी कार्रवाई किये जाने के लिए समस्त थानाधिकारीयो को निर्देशित किया हुआ है। अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी चैन सिंह की तलाश व गिरफ्तारी के लिए एएसपी चिरंजी लाल मीणा व सीओ अकलेरा बृजेश कुमार जाट के सुपरविजन एवं एसएचओ भालता किशोर सिंह के नेतृत्व में



विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आज सूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर वांछित तीन साल से फरार मुलजिम चैन सिंह को मुम्बई महाराष्ट्र से डिटेन किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा भी की हुई है। मुलजिम से प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थाना भालता के कांस्टेबल अशोक की विशेष भूमिका रही। टीम में भालता थाना के एसएचओ सहित हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, गोपाल, कांस्टेबल हेमंत, धर्मा राम, थाना घाटोली से कांस्टेबल मनोज व हरकरण एवं साइबर शाखा के एएसआई राजेश कुमार शामिल थे।

## प्रतापगढ़ में ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

### बाइक से ले कर जा रहा था 1.970 किलो नशा, ब्लैक मार्केट में 2 करोड़ रुपए है कीमत

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में करीब 2 करोड़ रुपये की कीमत की ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में थानाधिकारी दीपक बंजारा की टीम ने मंदसौर रोड पर बसाड जीएसएस के पास नाकाबंदी के दौरान यह कार्रवाई की। थानाधिकारी दीपक बंजारा ने बताया- आरोपी की पहचान अनवर अजमेरी (50) के रूप में हुई है, जो बागलिया थाना हथुनिया का निवासी है। संदिग्ध गतिविधियों के चलते जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके बैग से 1 किलो 970 ग्राम ब्राउन शुगर क्रूड बरामद हुआ। आरोपी




मोटरसाइकिल (नंबर MP 14MW8361) से माल की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि अनवर काफी समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है और उसके खिलाफ पहले भी NDPS एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस ने थाना प्रतापगढ़ में धारा 8/21 NDPS एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापनः विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# प्रकृति के संरक्षण व जनजागरूकता के लिए ऐसे आयोजन उपयोगी-मंत्री श्री खराड़ी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** तीन दिवसीय उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापन समारोह रविवार को जनजाति क्षेत्रीस विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने की तथा विशिष्ट अतिथि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी.मूर्थी व मुख्य वन संरक्षक सुनिल छिद्री व ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर रहे। कार्यक्रम में बर्ड फेस्टिवल के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मंत्री श्री खराड़ी ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजनों की महती आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे




आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना दायित्व निभाएं। विधायक फूलसिंह मीणा ने ऐसे आयोजन की महत्ता तथा इससे विधार्थियों के जुड़ाव को भविष्य में वन एवं पक्षी सरंक्षण के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया। प्रदीप सुखवाल द्वारा पक्षियों से संबधित शोर्ट फिल्म दिखाई गयी। प्रारंभ में उप वन संरक्षक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने गत तीन दिवस में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस वर्ष विद्यार्थियों विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी अत्यंत उत्साह वर्धक रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ख्यातनाम पर्यावरणविद डॉ.सतीश शर्मा ने वन्य एवं वन्यजीव संरक्षण के सबंध में रोचक जानकारी दी। अंत में डब्लूडब्लूएफ इंडिया के अरुण सोनी ने आभार जताया। इस कार्यक्रम में अन्य वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे। बर्ड फेस्टिवल के समापन के अवसर पर ख्यातिप्राप्त पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप जोशी एवं भारती शर्मा के द्वारा निर्मित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मेनार के शौर्य एवं पर्यावरण संरक्षण को दिखाते हुए वहां की समृद्ध पारिस्थितिकी को खूबसूरती से फिल्मांकित किया गया है। इस डॉक्यूमेंट्री में बताया गया कि ग्रेट क्रिस्टेड ग्रिब जो कि यहां प्रजनन करने लगा है, पहले यह माना जाता था कि सुदूर ठंडे प्रदेशों में ही प्रजनन करता है। फिल्म के माध्यम से ग्रेट क्रेस्टेड ग्रेब के लाइफ साइकिल को दिखाने का प्रयास किया गया। जिसमें घोंसला बनाने, मेटिंग करने और अंडों को सेते हुए एवं बच्चों को पीठ पर बिठाकर खिलाते हुए ,सिखाते हुए दृश्य सभी को बहुत पसंद आए। साथ ही इस डॉक्यूमेंट्री में पक्षियों की आदतों को भी दिखाया गया जो कि काफी इनफॉर्मेटिव है।

#### गोगुंदा पैंथर प्रकरण पर उत्कृष्ट कवरेज के लिए लोढ़ा सम्मानित

समापन समारोह में गोगुंदा क्षेत्र में पैंथर प्रकरण पर उत्कृष्ट कवरेज करने को लेकर गोपाल लोढ़ा को कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी व उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में लोढा द्वारा किये प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

# संयुक्त व्यापार महासंघ का स्नेह मिलन समारोह हुआ आयोजित

### सभी व्यापारिक संघ की रही सहभागिता

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** संयुक्त व्यापार महासंघ की ओर से स्थानीय क्षेमंकरी माताजी तलहटी पर स्नेह मिलन व स्नेहभोज का आयोजन किया गया । पूरे जिले के सबसे बड़े संगठन द्वारा आयोजित समारोह में भाग लेने के लिए व्यापारी गण उमड़ पड़े । कार्यक्रम में विधायक डॉ समरजीतसिंह ने कहा कि व्यापार संघ अपने सदस्यों के हितों और कल्याण के लिए काम करता है । जिसके सुखद परिणाम भी देखने को मिल रहे है । व्यापार संघ, नियोक्ता और कर्मचारियों के बीच संबंध को सुधारने में मदद करता है । व्यापार संघ, कामगारों में अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है । इस अवसर पर स्वामीनारायण विश्वमंगल गुरुकुल के संचालक दिव्यस्वरूप स्वामी, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, सीटीओ प्रकाश विश्नोई, एसीटीओ ओमप्रकाश विश्नोई, पूर्व पालिका अध्यक्ष सांवलाराम देवासी, पूर्व पालिका अध्यक्ष हीरालाल बोहरा, रामेश्वर भाटी सी आई, मीठालाल जांगिड़ ने संबोधित किया । इस अवसर पर संयुक्त व्यापार संघ के सचिव नरेश सुखाड़िया, संरक्षक श्याम



खेतावत, संरक्षक शेखर व्यास, संयुक्त व्यापार उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह भूतेल, संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष पारसमल मोदी, संयुक्त व्यापार संघ के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश महेश्वरी, संयुक्त व्यापार संघ के संगठन सचिव लक्ष्मण भाजवाड़, संयुक्त व्यापार संघ के प्रवक्ता देवेंद्र भंडारी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी सहित भीनमाल पत्रकार संघ, मशीनरी एसोसिएशन, खाद्य व्यापार संघ, रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन, मनिहारी एवं फुटवियर एसोसिएशन, बर्तन व्यापार संघ, रीको इंडस्ट्री एरिया एसोसिएशन, वस्त्र व्यापार संघ, कृषि मंडी मर्चेंट एसोसिएशन, पुस्तक व्यापार संगठन, मिष्ठान व्यापार संघ, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, सब्जी मंडी एसोसिएशन, सर्राफा एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन, हेयर एंड सेलून संघ, मोबाइल एसोसिएशन, हैंडलूम संगठन, सेनेटरी एसोसिएशन, नाश्ता संघ, हार्डवेयर एसोसिएशन, मार्बल एसोसिएशन, इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन, बिल्डिंग मटेरियल संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित कई लोगों ने संयुक्त व्यापार महासंघ की ओर से स्थानीय क्षेमंकरी माताजी तलहटी पर स्नेह मिलन व स्नेहभोज में भाग लिया । संयुक्त व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सभी अतिथियों एवं अन्य एशोसियेशन के प्रमुख सदस्यों का साफा पहना कर, माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया ।

## सुरों की मंडली द्वारा गणतंत्र दिवस पर होगा जन गण मन का विशेष कार्यक्रमः मुकेश माधवानी




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर की उभरती हुई संगीत संस्था सुरों की मण्डली के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर जन गण मन थीम पर 26 जनवरी,2025 को दोपहर 01बजे से मधुश्री ऑडिटोरियम में संगीत का कार्यक्रम रखा गया है । कार्यक्रम में वयस्क से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक लगभग 75 प्रतिभागी सम्मिलित होकर देशभक्ति,देश की एकता,अखण्डता से संबंधित(फिल्मी/गैर फिल्मी) या क्षेत्रीय बोली/भाषा अथवा प्रेरणादायक/युवा शक्ति से संबंधित संदेश देने वाले गीत को प्रस्तुत कर गणतंत्र का संदेश देगें । माधवानी ने बताया कि कार्यक्रम को संपादित करने हेतु कमेटी का गठन कर जिम्मेदारीया दी गई है वीनू वैष्णव-सोशल मीडिया और न्यूज़ के साथ सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रबंधन , कैलाश जी कैवल्या-अभ्यास,साउंड और ट्रैक के साथ सम्पूर्ण तकनीकी कार्य ,निखिल जी माहेश्वरी-मंच सज्जा/डिजाइन, चंद्र प्रकाश जी गंधर्व एवं श्री गोपाल गोठवाल-मंच संचाल ,योगेश जी उपाध्याय-साउंड और ट्रैक का संकलन एवं संचालन कार्यक्रम के अन्त में जन-गण-मन गान का सामूहिक प्रस्तुतिकरण किया जाएगा । कार्यक्रम के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भामाशाह दिलीप जैन द्वारा की जावेगी।

### राष्ट्रीय युवा कवि सम्मेलन नवांकुर-25

# महा उद्घोष का कैसा बनाया क्रम शिकागो में, विवेकानंद में फहरा दिया परचम शिकागो में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा कवि सम्मेलन नवांकुर-25 ने साहित्य प्रेमियों के दिलों में एक अद्वितीय छाप छोड़ी। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के नए ऑडिटोरियम में संपन्न हुए इस कार्यक्रम ने युवा कवियों के रचनात्मक विचारों और साहित्यिक प्रतिभा को मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, आर.एन.टी मेडिकल कॉलेज और द स्कॉलर एरिना सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. लोकेश भारती रहे। विशिष्ट अतिथियों में पारस सिंघवी, डॉ विपिन माथुर, डॉ. कमलेश शर्मा, ओ.पी. शर्मा और राहुल बडाला मौजूद रहे। कवि निर्भय निश्चल (अयोध्या), योगिनी काजोल (पटना), वैभव अवस्थी (बनारस), रजत राव (अहमदाबाद), भावना लोहार (आमेट), अंशुमान आजाद (बिनोता), रोहिणी पंड्या (बांसवाड़ा), नरेंद्र सिंह रावल (नाथद्वारा), अभिषेक शर्मा (चिकारड़ा), दिव्यांश जैन (मंदसौर), उत्कर्ष उत्तम (बरेली, उत्तर प्रदेश), भानु सक्सेना (शाहजहांपुर) और विदुषी जैन (उदयपुर) ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन उदयपुर की विदुषी जैन ने किया। कवि राव अजातशत्रु के मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को और भी सफल बनाया। आयोजक डॉ. लोकेश जैन ने बताया कि यह सम्मेलन न केवल युवा कवियों के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुआ, बल्कि साहित्य प्रेमियों को भी नवीन और रोचक काव्य रचनाओं से रूबरू होने का अवसर प्रदान किया। भानु सक्सेना ने समर अभिमन्यु जैसा लड़ रहे हैं, थके हैं हम मगर हारे नहीं है..., उत्कर्ष उत्तम ने सरकार की तरह तू चाहे कितना बदल ले ..., दिव्यांश जैन ने वो नील गगन का उदयमान ऊर्जा का दिव्यमान है..., रोहिणी पण्ड्या ने बोलने लगी बनास यूँ हल्दीघाटी मध्य, कैसे समर में तलवार बोलने लगी .., अंशुमान आजाद ने उदय सिंह का उदय, मैं सूर्यवंशी पहचान हूं, कल भी जिससे कॉप उठे, मैं उस एकलिंग का दीवान हूं... अभिषेक शर्मा ने जिस माटी का रंग भूरा, उसी ने रक्त पान किया... , रजत राव ने सारे अहसास में तुमको रखना पग, यात्रा के पास में तुमको रखना पग..., नरेंद्र सिंह रावल ने मूं जियो जतरे राणा जी मैं करी थारी चाकरी..., भावना लौहार ने महा उद्घोष का कैसा बनाया कम शिकागो में, विवेकानंद में फहरा दिया परचम शिकागो में... योगिनी काजोल ने सखी श्याम जी डारे नजरिया की भीग मेरो अंग गयो, बड़ो नटखट है श्याम सांवरिया की भीगी मेरा अंग गयो... वैभव अवस्थी ने त्याग व बलिदान देने में रहा चट्टान सा, चढ़ गया तलवार पर पानी है राजस्थान का तथा निर्भय निश्चल ने जो दूसरों के शेर चोरी करके पड़ता है किसी जमाने में रचना सुनाई। आभार द स्कॉलर्स एरिना की निदेशिका डॉ. शर्मिला जैन ने ज्ञापित किया।

#### मोदरान ढाणी से मोदरान जाने वाले मुख्य मार्ग की रेलवे क्रासिंग फाटक 6 महीने तक बंद रहेगी: जगमालसिंह राजपुरोहित

**पदमावत मीडिया, मोदरान।** जोधपुर मंडल के समदडी-भीलडी सेक्शन के अन्तर्गत समपार सं 76 मोदरान -भीमपुरा के मध्य किलोमीटर 96/5-6 पर यातायात डायवर्ट करने को लेकर उप मुख्य अभियंता ने पत्र जारी कर सुचना जारी किया है। जानकारी के अनुसार समदडी-भीलडी सेक्शन पर समपार सं. 76 मोदरान-भीमपुरा के मध्य किलोमीटर 96/5-6 पर एल.एच.एस (रोड अण्डर पास) का निर्माण कार्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है। इस वजह से उक्त समपार पर रेलवे क्रासिंग पर आर.यू.बी का कार्य शुरू किया जाना है इसके अन्तर्गत समपार सं. 76 के ट्रेफिक को मोदरान की साइड में बने अण्डर पास सं 73 व 74 से डायवर्ट करते हुए उक्त समपार के ट्रेफिक को से बन्द कराये जाने के लिए बताया गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे क्रासिंग फाटक समपार सं 76 पर कार्य शुरू होने की वजह से अगले छह महीने तक बन्द रहेगा। और ईस क्षैत्र के आने जाने वाले वाहनों को आवागमन के लिए रेलवे क्रासिंग अंडर पास सं 73 व 74 से आशापुरी माताजी मंदिर के आगे से होकर 76 की तरफ आ जा सकेंगे।

# आग लगने के बाद धमाके के साथ फटने लगे सिलिंडर, गीता प्रेस के कॉटेज जले, मची रही अफरा-तफरी

● पदमावत मीडिया



**महाकुंभ नगर (प्रयागराज)।** मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में रविवार को दोपहर बाद करीब चार बजे करपात्र धाम वाराणसी और गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बांस-फूस के बने लगभग 300 कॉटेज जलकर राख हो गए। यही नहीं पांच बाइकें और पांच लाख रुपये कैश भी आग की भेंट चढ़ गए। दुर्घटना के दौरान कॉटेज में रखे 10 से ज्यादा एलपीजी सिलेंडरों में धमाके हुए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि आग की चपेट में आने से हरियाणा व सिलीगुड़ी के दो लोग झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया। हादसे में 2.5 करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन मंत्रियों संग मौका मुआयना किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सेक्टर-19 में पीपा पुल नंबर-12 के पास मोरी मार्ग पर अखिल भारतीय धर्म संघ, श्रीकरपात्र धाम वाराणसी और गीता प्रेस गोरखपुर का शिविर है। लगभग पांच हजार स्क्वॉयर फीट एरिया में फैले इस शिविर के आधे हिस्से में श्रीकरपात्र धाम और शेष हिस्से में गीता प्रेस, गोरखपुर से जुड़े श्रद्धालु लगभग 300 कॉटेज में ठहरे हुए थे। चार बजे के करीब यहां श्रीकरपात्र धाम के श्रद्धालु पवन त्रिपाठी के कॉटेज से धुआं उठने लगा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, कॉटेज से लपटें उठने लगीं। शिविर में मौजूद लोगों ने देखा तो शोर मचाया और पानी लेकर दौड़े, लेकिन चंद मिनटों में ही आग की लपटों ने कई कॉटेज को चपेट में ले लिया।

आग की ऊंची लपटों और धुएं के काले गुबार ने बड़े हिस्से को धुआं-धुआं कर दिया। आग बढ़ते-बढ़ते करीब 100 वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में फैल गई। हवा की गति सामान्य से तीन गुना तेज होने के चलते अन्य टेंट भी आग की चपेट में एक के बाद एक आते गए। आग की ऊंची लपटों के आगे भीड़ बेबस नजर आने लगी। इसके बाद 15 से अधिक फायरब्रिगेड की टीमों ने मशक्कत के बाद आग को काबू किया। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मची रही, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामूली रूप से झुलसे दो श्रद्धालुओं को केंद्रीय अस्पताल भेजा गया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में रातापानी टाइगर रिजर्व का किया उल्लेख

# सभी के लिए प्रेरणादायी है मन की बात कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 118वीं कड़ी में मध्यप्रदेश में हाल ही में जुड़े रातापानी टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ स्नेह से रहना सिखाती है। देश में दो नए टाइगर रिजर्व की शुरुआत वनस्पति और जीव जगत के संबंधों को अधिक समृद्ध करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में बन रहे नए स्टार्टअप सेंटर्स के अंतर्गत देश के 7 शहरों में ग्वालियर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्टार्टअप इंडिया के 9 साल पूरे होने पर कहा कि स्टार्टअप कल्चर केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं, अपितु इसका विस्तार टायर-2 और टायर-3 शहरों में भी हो रहा है। इन शहरों के स्टार्टअप में आधे से ज्यादा नेतृत्व बेटियां कर रही हैं।



#### गरीब कल्याण के लिए समग्र रूप से कार्य कर रही है राज्य सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्य म सभी के लिए प्रेरणादायी है। इससे विभिन्न राज्यों में हो रहे नवाचारों और व्यक्ति गत स्तर पर जनसामान्य द्वारा की जा रही पहल की जानकारी प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात कार्य म में प्रदेश में आरंभ हुए रातापानी टाइगर रिजर्व और ग्वालियर का स्टार्टअप सेंटर के रूप में उल्लेख करने से सभी प्रदेशवासियों को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ है। प्रदेश वन्य जीवों की दृष्टि से निरंतर समृद्ध हो रहा है। स्टार्टअप के साथ-साथ युवाओं को कौशल विकास और स्वावलम्बन के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। बहन-बेटियों को लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्हें उद्योगों में रोजगार दिलाने के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब कल्याण के लिए समग्र रूप से कार्य कर रही है। इस अवसर पर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री यादव ने अर्जुन अवार्डी कपिल परमार को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 118वें संस्करण का वाजपेई नगर ईदगाह हिल्स भोपाल स्थित योग केन्द्र में स्थानीय रहवासियों के साथ श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सीहोर के अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी कपिल परमार ने प्राप्त मेडल के साथ भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कपिल परमार को हाल ही में सम्मानित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रणी शुभकामनाएं दीं और संविधान सभा के सदस्यों के विचारों को उनकी ही वाणी में सुनवाया। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के संबंध में देशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ के साथ ही पुष्करम् और गंगासागर मेला का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सामाजिक मेल-जोल सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। उन्होंने स्पेस टेक्नॉलॉजी में स्थापित हो रहे नए कीर्तिमान के लिए वैज्ञानिकों को शुभकामनाऐं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत युवाओं से स्टार्टअप, संस्कृति, युवा, नारी शक्ति और अधोसंरचना जैसे विषयों पर हुए विचारों के आदान-प्रदान को यादगार बताया। उन्होंने मन की बात में अंडमान-निकोबार में स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे नवाचार सहित राज्यों में हो रही पहलों का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 23 जनवरी को आ रही जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके बारे में अधिक से अधिक पढ़ने तथा उनके जीवन से निरंतर प्रेरणा लेने का आहवान किया।

## सिंहस्थ महाकुंभ से उज्जैन बनेगा वैश्विक धार्मिक पर्यटन गंतव्य

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ महाकुंभ अद्भुत सामाजिक समागम है, इससे समाज की दिशा तय होती है। पहले लोग कुंभ के मेले में तय हुई दिशा को लेकर जाते थे और समाज में बदलाव के लिए काम करते थे। समय के साथ परंपराओं में बदलाव आया है, किन्तु हमें अपनी जड़ों और मूल्यों के महत्व को समझना होगा। धार्मिक नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ की तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी मानना है कि कुंभ केवल एक मेला ही नहीं, अपितु विश्व को परंपराओं के नवोन्मेष की शिक्षा व संदेश देने वाले शानदार प्रबंधन का एक अद्भुत उदाहरण है। दुनिया को इसे केस स्टडी के तौर पर अपनाना चाहिए।

#### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में जुटी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों में जुटी है, जिसमें विकास और अधोसंरचना के काम शुरू किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प लिया है कि सिंहस्थ-2028 में श्रद्धालुओं को क्षिप्रा नदी के निर्मल जल में ही स्नान कराया जाए और क्षिप्रा नदी में स्वच्छ एवं शुद्ध जल का प्रवाह सदा के लिये सुनिश्चित कर उसे सही अर्थों में पुण्य-सलिला और सदानीरा बनाया जाए, साथ ही पारिस्थितिकी संतुलन भी बना रहे। संकल्प की पूर्ति के लिए उज्जैन में सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी, कान्ह क्लोज डक्ट एवं हरियाखेड़ी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं और 18 बैराज एवं स्टॉप डेम बनाए जा रहे हैं।

# 2023 वनडे विश्व कप टीम में शामिल रहे इन 4 खिलाड़ियों को चैंपियंस ट्रॉफी में मौका नही



● पदमावत मीडिया

**नई दिल्ली।** टीम में रवींद्र जडेजा, रोहित और कोहली ऐसे खिलाड़ी हैं, जो लगातार तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट खेलेंगे। इससे पहले ये तीनों 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को मुंबई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। इसमें कोई चौंकाने वाला फैसला नहीं आया। टीम लगभग वही है जो 2023 वनडे विश्व कप के दौरान थी। सिर्फ चार खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनको बदला गया है। उनकी जगह टीम में आए चार में से दो खिलाड़ी पहली बार आईसीसी (सीमित ओवर) टूर्नामेंट खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए जो टीम चुनी गई है, उनमें कप्तान रोहित शर्मा, उपकप्तान शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं जो 2023 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा रहे थे। इसके अलावा जो चार खिलाड़ी और हैं, उनमें वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत शामिल हैं। चारों का यह पहला चैंपियंस ट्रॉफी है। हालांकि, अर्शदीप और पंत पहले आईसीसी टूर्नामेंट खेल चुके हैं, जबकि सुंदर और यशस्वी का यह पहला आईसीसी टूर्नामेंट होगा। 2023 वनडे विश्व कप टीम में इनकी जगह ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज टीम में थे। शार्दुल हार्दिक के चोटिल होने पर रिप्लेसमेंट बनकर टीम में आए थे। वहीं, टीम में रवींद्र जडेजा, रोहित और कोहली ऐसे खिलाड़ी हैं, जो लगातार तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट खेलेंगे। इससे पहले ये तीनों 2013 में विजेता टीम का हिस्सा रहे थे। वहीं, 2017 में तीनों फाइनल में पहुंचने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। अब ये इस संस्करण में भी खेलते दिखेंगे। मौजूदा स्क्वॉड में इनके अलावा हार्दिक ही एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें पहले भी चैंपियंस ट्रॉफी खेलने का अनुभव है। हार्दिक 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का हिस्सा थे। इसके अलावा बाकी 11 खिलाड़ी पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी खेलेंगे। भारत अपना पहला लीग स्टेज का मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान से मुकाबले के बाद टीम इंडिया को सात दिन का गैप मिलेगा। इसके बाद दो मार्च को भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने यह टूर्नामेंट सिर्फ एक बार 2013 में जीता है। तब महेंद्र सिंह धोनी टीम के कप्तान थे। 2002 में बारिश के कारण फाइनल रद्द हो गया था। तब भारत और श्रीलंका संयुक्त विजेता रहे थे। भारतीय टीम कुल मिलाकर चार बार फाइनल में पहुंच चुकी है। 2013 और 2002 के अलावा ऐसा 2000 और 2017 में हुआ था।

### आठ टीमें हिस्सा लेंगी

चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 15 मैच होंगे। इस बार मैचों की मेजबानी पाकिस्तान और दुबई करेंगे। भारतीय टीम के सभी ग्रुप स्टेज के मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। वहीं, बाकी टीमों के मैच पाकिस्तान में ही खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट 19 दिनों तक चलेगा। पाकिस्तान में रावलपिंडी, लाहौर और कराची मैचों की मेजबानी करेंगे। पाकिस्तान के हर एक मैदान पर तीन-तीन ग्रुप मैच खेले जाएंगे। भारत से जुड़े तीन ग्रुप मैच और पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा।

### तीनों नॉकआउट मैच के लिए रिजर्व डे

सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में रिजर्व डे होंगे। दुबई पहले सेमीफाइल और लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। अगर भारत फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं करता है तो लाहौर ही नौ मार्च को फाइनल की मेजबानी भी करेगा।

# पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी है अर्जुन पुरस्कार विजेता सुचा सिंह को



● पदमावत मीडिया

नई दिल्ली एजेंसी।

पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है। भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है। अर्जुन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के बाद पंजाब के 74 साल के सिंह कीसारी नाराजगी दूर हो गई थी क्योंकि आखिर देश ने उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया। अर्जुन पुरस्कार के लिए वह 10 साल तक फॉर्म भरते रहे और थककर उम्मीद छोड़ दी थी। सिंह ने 'भाषा' से बातचीत में कहा, ''अर्जुन पुरस्कार मिलने से पूरी जिंदगी की कड़ी मेहनत का फल मिल गया, देश के लिए पदक जीतने के लिए जीजान लगा दी थी लेकिन अपनी उपलब्धियों की अनदेखी किये जाने का गम था, जो अब इस पुरस्कार ने खत्म कर दिया। '' यह बोलते हुए उनकी आंखे डबडबा गई। उन्होंने अपने खेल के दिनों की बात याद करते हुए कहा, ''जब मैं 1965 में जंग के समय सेना में भर्ती हुआ था तो ट्रेनिंग के साथ साथ अपनी स्पर्धा का अभ्यास भी करता था। मैं कबड्डी और दौड़ने में काफी अच्छा था, पर सेना के कोच ने मुझे दौड़ पर ध्यान लगाने के लिए कहा। मेरे पास दौड़ने के जूते नहीं थे जो तब 400 रुपये में आते थे और मेरी तनख्वाह थी 150 रुपये।

'' पंजाब सरकार से भी उन्हें वो सम्मान नहीं मिला जिसकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, ''पंजाब सरकार ने कभी भी उस तरह सम्मानित नहीं किया जैसे अन्य राज्य सरकार करती हैं, मुझे मेरी उपलब्धियों के लिए 100 रूपये का लिफाफा मिला था जबकि मैंने इस समारोह में शिरकत करने के लिए 800 रूपये जोड़े थे जिसमें से 200 रूपये तो दोस्तों ने ही जश्न मनाने में खत्म करवा दिये थे। '' अपने समय में खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''तब खिलाड़ियों के लिए इतनी सुविधायें नहीं होती थीं, कोई प्रायोजक नहीं होता था। दौड़ने के लिए कोई ट्रैक नहीं होता था, 1982 में जब नयी दिल्ली में एशियाई खेलों की मेजबानी की गई तभी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम बना था। मेरे पास दौड़ने के लिए जूते और ट्रैक सूट नहीं था।'' सिंह ने कहा, ''पहले इतने कोच और अभ्यास के लिए उपकरण नहीं होते थे। अब दौर ही बदल गया है। अब खिलाड़ियों की उपलब्धियों का पूरा सम्मान होता है। '' उन्हें देश के लिए 1972 म्यूनिख ओलंपिक में प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था लेकिन चोट के कारण वह इसमें हिस्सा नहीं ले सके और खेल के इस महासमर में खेलने का उनका सपना पूरा नहीं हो सका। देश को 1970 में बैंकाक में छठे एशियाई खेलों में चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक दिलाने वाले सिंह अपने शुरूआती दिनों की बात करते हुए काफी उत्साह से भर जाते हैं कि किस जुनून और कड़ी मेहनत से वो देश को तमगा दिलाने में लगे रहते थे। आठ साल सेना में रहने के बाद वह 1973 में टाटा स्टील में जमशेदपुर चले गये जहां उनकी तनख्वाह 5000 रूपये हो गई। सिंह ने कहा, ''खेलों में शानदार प्रदर्शन के बावजूद मुझे सेना में 'कमिशन' नहीं मिला था। हालांकि पदोन्नति पर सिर्फ पांच रूपये बढ़ते थे। फिर मैं जमशेदपुर चला गया और जब तक टाटा स्टील में रहा, उनका सर्वश्रेष्ठ एथलीट रहा। '' उन्होंने इसी दौरान तेहरान में हुए 1974 में सातवें एशियाई खेलों में चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक और फिर अगले साल दक्षिण कोरिया के सोल में हुई दूसरी एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। सिंह हालांकि ओलंपिक में नहीं खेल पाये लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए वेटरंस टूर्नामेंट में भी हिस्सा लिया।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में हारे

# इंडिया ओपन में भारतीय अभियान खत्म

● पदमावत मीडिया

नई दिल्ली एजेंसी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का अभियान शनिवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 में मलेशिया के गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। 2022 की इस चैंपियन भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी ने मात्र 37 मिनट में 18-21, 14-21 से हरा दिया।

नयी दिल्ली । भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का अभियान शनिवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 में मलेशिया के गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। 2022 की इस चैंपियन भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी ने मात्र 37 मिनट में 18-21, 14-21 से हरा दिया। भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत कर बढ़त बनाई, पर मलेशियाई जोड़ी ने अगले छह में से पांच अंक लेकर ब्रेक तक एक अंक की बढ़त ले ली। सात्विक और चिराग ने ब्रेक के बाद कुछ समय के लिए बढ़त हासिल की और 15-12 पर पहुंच गए। हालांकि मलेशियाई जोड़ी ने सात अंक जुटाकर मजबूत वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई टीम ने 5-0 की बढ़त बना ली, सात्विक की बदौलत भारतीयों ने अंतर 4-8 तक कम कर दिया। मलेशियाई टीम ने फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाये रखी। लंबे कद के भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। लेकिन मलेशियाई टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। सात्विक और चिराग का यह सत्र का लगातार दूसरा सेमीफाइनल है।



## गूगल-बीसीजी की नई रिपोर्ट में दावा

# घरेलू मोबिलिटी का आकार 2030 तक होगा 600 अरब डॉलर




● पदमावत मीडिया

नई दिल्ली एजेंसी।

जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की लोकप्रियता बढ़ रही है, हर तीन में से एक ग्राहक अगली नई गाड़ी की खरीद के लिए ईवी के विकल्प पर विचार कर रहा है। कंपनियों को भारत के मोबिलटी ग्राहकों की तेजी से विकसित हो रही प्राथमिकताओं को पहचानना चाहिए। भारतीय मोबिलिटी उद्योग का आकार 2030 तक दोगुना होकर 600 अरब डॉलर को पार कर सकता है। गूगल और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक, शेयर्ड और कनेक्टेड मोबिलिटी जैसे उभरते आय स्रोत 100 अरब डॉलर का योगदान करने के लिए तैयार हैं, जो स्वच्छ, टिकाऊ गतिशीलता की ओर एक मजबूत कदम का संकेत है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे-जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की लोकप्रियता बढ़ रही है, हर तीन में से एक ग्राहक अगली नई गाड़ी की खरीद के लिए ईवी के विकल्प पर विचार कर रहा है। कंपनियों को भारत के मोबिलटी ग्राहकों की तेजी से विकसित हो रही प्राथमिकताओं को पहचानना चाहिए। ईवी, डिजिटल और आर्टिफिशियल में वैश्विक नवाचार का प्रभावी ढंग से उपयोग करना कंपनियों के लिए अब महत्वपूर्ण हो गया है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर चुनौतियां

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में कुछ चुनौतियां हैं, जैसे कि चार्जिंग स्टेशनों की कमी, वाहनों की ऊंची कीमत, बैटरी का जीवन और कुछ चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल्स के बारे में चिंता।देखा जाए तो इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, एक तिहाई उपभोक्ता अपनी अगली कार या बाइक के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर विचार कर रहे हैं।

### इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन

इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहक उन्नत तकनीक और स्टाइल को प्राथमिकता देते हैं, जबकि दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदार आराम, व्यावहारिकता और कीमत को ज्यादा महत्व देते हैं। साथ ही रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने में महिलाओं की हिस्सेदारी 52 प्रतिशत हो गई है, जो पहले केवल 38 प्रतिशत थी। इसके अलावा, भारत में लोग अपनी कारों में इन्फोटेनमेंट, पार्किंग सहायता और सुरक्षा जैसी सुविधाओं की मांग करते हैं। कुल मिलाकर, भारतीय मोबिलिटी उद्योग में इलेक्ट्रिक वाहनों और कनेक्टेड सुविधाओं की ओर एक बड़ा बदलाव आ रहा है, और यह बाजार तेजी से विकसित हो रहा है।

## कारोबारी नलिन नेगी बोले

# सप्ताह में 90 घंटे काम करना मुश्किल, गुणवत्ता रखती है मायने

● पदमावत मीडिया

नई दिल्ली एजेंसी।



कारोबारी नलिन नेगी ने कहा कि, एक खुश कर्मचारी आपको बहुत कुछ देगा... जो व्यक्ति अपने काम में लगा रहता है और उसका आनंद लेता है, अगर उसके पास कोई जरूरी काम है, तो वह उसे करेगा। भारतपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा कि कार्यस्थल पर जब कर्मचारियों के परिणामों और उत्पादकता को मापने की बात आती है तो गुणवत्ता मायने रखती है न कि लंबे समय तक काम करना। नेगी का यह बयान एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन के 90 घंटे के कार्य सप्ताह संबंधी टिप्पणी को लेकर चल रही बहस के बीच आया है। उन्होंने कहा कि फिनटेक फर्म में काम के घंटों को लेकर इतनी अधिक अपेक्षाएं नहीं होती हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कॉरपोरेट भारत में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इससे पहले, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने रविवार को कर्मचारियों से काम न करा पाने पर खेद व्यक्त किया था। काम की गुणवत्ता 'सबसे पहले' है, न कि घंटों की संख्या। 90 घंटे काम करना काफी कठिन होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह गुणवत्ता के बारे में है... गुणवत्ता मायने रखती है। नेगी ने कहा, एक खुश कर्मचारी आपको बहुत कुछ देगा... जो व्यक्ति अपने काम में लगा रहता है और उसका आनंद लेता है, अगर उसके पास कोई जरूरी काम है, तो वह उसे करेगा। आपको इसके लिए उसकी निगरानी करने की जरूरत नहीं है। एलएंडटी के चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने इसको लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, ÷मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करने में विश्वास करता हूं, लेकिन जीवन को हमेशा काम करने में बदल देना? यह सफलता नहीं बल्कि थकान का नुस्खा है। कार्य-जीवन संतुलन वैकल्पिक नहीं है, यह आवश्यक है। खैर, यह मेरा दृष्टिकोण है! मैरिको लिमिटेड के चेयरमैन हर्ष मारीवाला ने भी 'एक्स' पर कहा था, ÷इसमें कोई संदेह नहीं है कि कड़ी मेहनत सफलता की रीढ़ है, लेकिन यह काम के घंटों के बारे में नहीं है। यह उन घंटों में लाई जाने वाली गुणवत्ता और जुनून के बारे में है। आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने हाल ही में कहा था कि कर्मचारियों को उनकी क्षमता पहचानने तथा अपना काम अच्छी तरह पूरा करने के लिए सशक्त बनाना, काम के घंटों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है।

# ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद के घटनाक्रमों से तय होगी बाजार की दिशा

● पदमावत मीडिया

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद की घोषणाओं और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों से तय होगी। ट्रंप सोमवार को दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। सप्ताह के दौरान बीपीसीएल, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, डॉ रेड्डीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक सहित कई बड़ी कंपनियां अपने दिसंबर तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के बीच का संघर्ष भी बाजार की जटिलता को और बढ़ा रहा है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ''जैसे-जैसे तिमाही नतीजों का सीजन आगे बढ़ेगा, निवेशकों का ध्यान आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्रित होने की उम्मीद है, जो साल के लिए सरकार के आर्थिक और राजकोषीय रुख की रूपरेखा तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर सभी की

## कंपनियों के तिमाही नतीजों



निगाहें डोनाल्ड ट्रंप पर हैं। ट्रंप 20 जनवरी को औपचारिक रूप से अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। वह व्हाइट हाउस में फिर वापस लौट रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''तीसरी तिमाही के लिए नतीजों का सिलसिला जारी है। ऐसे में घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। कुछ शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। निवेशकों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा प्रबंधन की टिप्पणियों पर रहेगी।'' उन्होंने कहा कि ट्रंप के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद नीतिगत घोषणाएं वैश्विक स्तर पर बाजार धारणा को काफी प्रभावित करेंगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 759.58 अंक या 0.98 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 228.3 अंक या 0.97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''आगे हम उम्मीद करते हैं कि इस सप्ताह बाजार कई घरेलू और वैश्विक कारकों के कारण सतर्क रुख बनाए रखेगा।

## सलूम्बर जिले में थाना सलूम्बर-झल्लारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग के 7 बदमाश पकड़े चौकीदार के हाथ तोड़े थे, 14 वारदात कबूली

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर/सलूम्बर।** जिले की सलूम्बर और झल्लारा थाना पुलिस ने नकबजनी और मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 14 से अधिक वारदातें करना कबूल किया। एसपी राजेश कुमार यादव ने बताया- ?सलूम्बर मुख्यालय पर स्थित सोनार माता मंदिर में कुछ दिन पहले रात में ताले तोड़कर दान पेटी से नकदी चुराने की घटना सामने आई थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए संयुक्त टीम गठित की। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्धों पर नजर रखी। फिर पुलिस ने आरोपी चंदू पिता गंगाराम कीर, किशन पिता मोहन कीर, भेरूलाल पिता गोतम और अशोक पिता चमना कीर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में और भी वारदात खुलने की संभावना है।



### चौकीदार के हाथ तोड़े, फिर मंदिर में की चोरी

जेताना बाबा रामदेव मंदिर में चौकीदार के दोनों हाथ सरिए से तोड़कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सेवादास पिता अमरदास वैष्णव ने 3 जनवरी 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि वह मंदिर का पुजारी है और मंदिर में ही रहता है। मंदिर में मोगजी पिता पदमा नाम का एक चौकीदार भी रहता है। 2 जनवरी की रात 11 बजे 3 अज्ञात चोर आए और चौकीदार का मुंह बांधकर उसके साथ मारपीट की। उसके हाथ पर सरिए मारे। फिर मंदिर की चाबी लेकर ताला तोड़ा और अंदर रखे दान पात्र से रुपए चोरी कर ले गए। स्टील दानपात्र को भी साथ लेकर फरार हो गए। बाद में चौकीदार मोगजी ने पुजारी को उठाया। फिर मोगजी का हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराया। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी लोकेश पिता नाथू कीर, मोहन पिता राजू कीर और गोविंद पिता कचरूलाल कीर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने झल्लारा, सलूम्बर, गींगला और आसपुर के मंदिरों में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। इस कार्रवाई में थाना सलूम्बर पुलिस टीम से पुलिस उप-निरीक्षक मनीष खोईवाल, सहायक उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह, जीवतराम, नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह, प्रवीण सिंह, कांस्टेबल पुष्कर, गणेषाराम और थाना झल्लारा पुलिस टीम से पुलिस उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह वाघेला, हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह (2257), महेंद्र सिंह (886), नवीन पाटीदार, जिला साइबर सेल कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह, कांस्टेबल नीरज, मणिलाल, नयन पाल शामिल थे।

## बारां जिले में थाना छीपाबडौद की कार्रवाई

# प्राणघातक हमले के मामले में दो सप्ताह से फरार तीन मुलजिम बापर्दा गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**बारां।** जिले की थाना छीपाबड़ौद पुलिस ने प्राण घातक हमले के मामले में दो सप्ताह से फरार चल रहे तीन आरोपियों रमेश बंजारा पुत्र आशा राम (28) निवासी उदपुरिया थाना छबडा, संदीप बैरवा पुत्र जमना लाल (22) निवासी अलीगंज बाजार छबडा हाल मारुति नगर छबडा एवं देवा हरिजन पुत्र रणजीत (22) निवासी हरिजन बस्ती छबडा को गिरफ्तार कर लिया है। छीपाबड़ौद थाना क्षेत्र के गगचाना निवासी फरियादी रामस्वरूप उर्फ पप्पू धाकड़ (50) ने 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके ईंट भट्टे पर आठ-दस आदमी एक टवेरा गाडी लेकर आये। जिन्होने उसके साथ लोहे के सरियों व स्टील के पाईपो से मारपीट की, जिससे उसके हाथों व पैरो में गंभीर चोटे आई है। रिपोर्ट पर थाना छीपाबडौद पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अनुसंधान के लिए प्रकरण सीआईडी सीबी जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्याम लाल को सौंपा गया। जिनके निर्देशन में पुलिस की विभिन्न टीमों व्दारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में करीब दो सप्ताह से फरार तीन आरोपियों रमेश बंजारा, संदीप बैरवा उम्र 22 साल निवासी अलीगंज बाजार व देवा हरिजन को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में आरोपियों से अनुसंधान जारी है।




# द विची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम पर सेमीनार का आयोजन विशेषज्ञ ने बताई रोबोटिक सर्जरी की खूबियां डॉ राजेश शर्मा




● पदमावत मीडिया

**जोधपुर।** ई टी ई सर्किल स्थित एक निजी होटल में द विधी रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम पर साइंटिफिक सेशन का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर से आए टोबोटिक सर्जरी के विशेषज एवं सीके बिटला हॉस्पीटल्स के जिनिमल एक्हीस, बेटियाट्रिक्स एण्ड जनरल सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. राजेश शर्मा ने टोबोटिक तकनीक के फायदों और इसके द्वारा संभव होने वाली जटिल सर्जरियां के बारे में बताया। सेजीजार में बड़ी संख्या में शहर के विशेषज सर्जन ने भाग लिया। उन्होंने सर्जरी के बारे में रोबोटिक सर्जरी के बारे में सवाल-जवाव भी किये। उन्होंने कहा कि तकनीकी कांति के दौर में आज टोबोटिक सर्जरी एक नई कांति के साथ मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब रोबोटिक सर्जरी हो और भी बेहतर होगें परिणाम इस नई तकनीक से कोलोरेक्टल सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनोकोलॉजी, यूरोलॉजी, कैंसर सर्जरी, बैरियाटिक सर्जरी की जा सकेंगी। परंपरागत सर्जरी के मुकाबले टोबोटिक सर्जरी अधिक सुरक्षित, दर्द रहित और सटीक ऑपरेशन करने में काफी मददगार साबित हो रही है। इसमें कम रक्तस्त्राव के साथ तेजी से रिकवरी करने में भी मदद मिलती है। साथ ही ऑपरेशन में लगने वाला समय भी काफी हद तक कम हो गया है. जिसकी वजह से अब अधिक ऑपरेशन हो पा रहे हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि इस तकनीक में रोबोट की मदद से सर्जरी करने से सर्जन की सटीकता औट नियंत्रण बढ़ जाता है। सर्जरी के वक्त रोबोट सर्जन को सटीक जगह पर सर्जटी कटने के लिए गाइड करता रहता है। उन्होंने टोवोटिक सर्जेटी के फायदे गिनाते हुए कहा कि यह दर्द रहित, सुरक्षित, तेजी से रिकवटी औ बेहतर परिणाम देने वाली तकनीक है। सी के विटला हॉस्पिटल्स जयपुर के जी एम ग्रोथ एंड डेवलेपमेंट सचिन सिंह ने बताया कि हॉस्पिटल में मिनिमल इनवेसिव सर्जरी और रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र को ग्लोबल लीडिंग कंपनी इंटुएटिव की चौथी जनरेशन वाली अत्याधुनिक सिस्टम दा विंची सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। दा विंची सिस्टम में नए उन्नत उपकरण, ऑपरेशन के दौरान सर्जन को बेहतर नियंत्रण देने और अंदरूनी संरचना को मॉनिटर पर स्पष्ट दिखाने जैसी कई खूबियां हैं। सी के बिरला हॉस्पिटल में अब तक 300 से अधिक रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं

# उदयपुर से असारवा वंदे भारत ट्रेन जल्द शुरु होने की उम्मीदः मन्नालाल रावत

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर से असारवा तक वंदे भारत ट्रेन चलाने के प्रस्ताव पर सांसद मन्नालाल रावत ने रेलवे बोर्ड का आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही यह ट्रेन शुरु हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने पिछले दिनों संसद में भी इस मांग को उठाया था और विशेष तौर पर रेलमंत्री से भी मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था। सांसद रावत ने बताया कि उन्होंने रेलमंत्री से मिलकर उदयपुर अहमदाबाद के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने के साथ ही असारवा-जयपुर ट्रेन का नाम मानगढधाम एक्सप्रेस करने तथा उदयपुर से इंदौर और सूरत के लिए भी वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग रखी थी। इसके पहले चरण में उदयपुर से अहमदाबाद वंदे भारत ट्रेन चलाने का प्रस्ताव मांग लिया गया है जिस पर वेस्टर्न रेलवे, मुंबई ने इसकी योजना भी शुरु कर दी है और उम्मीद है कि जल्द ही इस ट्रेन को चलाने की घोषणा भी की जाएगी। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार उदयपुर से अहमदबाद वंदे भारत ट्रेन मंगलवार को छोडकर सप्ताह में छह दिन चल सकती है। उदयपुर से यह ट्रेन सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर रवाना होकर सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर असारवा पहुंचेगी। बीच में केवल हिम्मतनगर में स्टॉपेज रहेगा। असारवा से यह ट्रेन वापस शाम 5 बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर रात को 10 बजे उदयपुर पहुंचेगी।

# मोदरान में कृष्णा कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी का हुआ भव्य शुभारंभ

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** निकटवर्ती ग्राम मोदरान रेलवे स्टेशन के पास में स्थित कृष्णा कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ किया गया । मोदरान के मुख्य बाजार में रोकड़िया हनुमान मंदिर के पास शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान कई जन प्रतिनिधी व अधिकारी उपस्थित रहे। कृष्णा कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी में डिजिटल ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध रहेगी।




कृष्णा लाइब्रेरी में आकर युवा प्रतियोगिता परीक्षाओं व अन्य परीक्षाओ की तैयारी कर सकते हैं। इसमें नए एडिशन की पुस्तक उपलब्ध रहेगी।इस अवसर पर डॉ रमेशचंद्र खोरवाल ने फीता काटकर कृष्णा कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ किया गया । खोरवाल ने युवाओं कहा कि मोदरान ऐसा गांव है यहां आस पास का बहुत बड़ा क्षेत्र है । यहां तीन पंचायत एवं दो विधानसभा क्षेत्र की सीमा हैं । आस पास के गांवों के विद्यार्थियों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए जालोर और भीनमाल जाना पड़ता हैं । क्षैत्र में उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज नहीं है । सबसे ज्यादा यहां शिक्षा की कमी है । अगर क्षैत्र में एक सरकारी कॉलेज खुल जाए तो सीनियर सेकेंडरी के बाद इस क्षैत्र के बालक-बालिकाओं के उच्च अध्ययन का रास्ता सुलभ हो जाएगा । विशेषत- बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसे परिजन बाहर नहीं भेजना चाहते है । मोदरान में ऐसी आधुनिक तकनीकयुक्त लाइब्रेरी की सुविधा होने से यहां के विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। इस अवसर बद्रीदान चारण, भवरसिंह सोढा, जितेंद्रसिंह चारण, पृथ्वीसिंह राजपुरोहित, रामदान चारण, ओमप्रकाश सिंह चंपावत, शिवनाथ सिंह राजपुरोहित, पीरसिंह राजपुरोहित, डॉ संजीव विश्नोई, महेंद्रसिंह राठौड़, हनुमतसिंह काबावत, जबराराम प्रजापत, जुगताराम देवासी, सदाराम बिश्नोई सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे ।

# उदयपुर के भट्ट दंपति ने मुंबई टाटा मैराथन में दौड़ कर ज़ज्बा दिखाया




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर के भट्ट दंपति, ने आज मुंबई में, प्रतिवर्ष तीसरे रविवार को आयोजित होने वाली टाटा मुंबई मैराथन की सीनियर सिटीजन कैटेगरी की दौड़ पूरी की, ये दौड़ क्रॉस मैदान से आजाद मैदान तक छह विभिन्न केटेगरी जो स्वास्थ्य और चैरिटी के संकल्प के लिए आयोजित होती हैं मे 42 किमी, 21 किमी, 10 किमी, सीनियर सिटीजन, ड्रीम रन, पर्सन विद डिसएबीलिटी आदि केटेगरी में थी, इसमें संपूर्ण विश्व से 75000 लोगों ने शिरकत की और इस दौड़ को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नविश ने हरी झंडी दिखाई. रमेश चन्द्र भट्ट (73) और विजय लक्ष्मी भट्ट (67), तीन बार कैलाश मानसरोवर यात्रा कर चुके हैं, और नियमित रूप से गुप्तेश्वर महादेव जाने वाले ये दंपति हिमालय, पश्चिम घाट और विंध्य के अन्य कई ट्रैक भी पूरे कर चुके है. भट्ट मोटिवेशनल पुस्तकों के लेखक, सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं. संगीत, फ़िल्मों, में रुचि रखने वाले भट्ट प्रेरक वक्ता भी हैं. रमेश चंद्र द्वारा देवानंद के शताब्दी समारोह के आयोजन में देवानंद की जीवनी का भी लोकार्पण किया गया था. इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के भी ये लाइफ मेंबर हैं.

## जैसलमेर जिले में थाना कोतवाली व डीएसटी की अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई

# 40 लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, 177.43 ग्राम स्मैक जब्त

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/जैसलमेर।** जैसलमेर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन मद मर्दन के तहत जिले की डीएसटी व कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी गुलाब सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी कच्छ गुजरात हाल पुलिस लाइन कच्ची बस्ती जैसलमेर को गिरफ्तार कर 177 ग्राम 46 मिलीग्राम स्मैक जब्त की है। जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में ऑपरेशन मद मर्दन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी थानाधिकारियों एवं जिला स्पेशल टीम को विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर एएसपी कैलाश दान जुगतावत व सीओ रूप सिंह इंदा के सुपरविजन में एसएचओ अल्ताफ हुसैन व डीएसटी प्रभारी हेड कांस्टेबल भीमराव सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा आरोपी गुलाब सिंह राजपूत के पास से 177.43 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है।



# मुस्कान क्लब युथ रेविजिटेड में साप्तहिक विशेष कार्यक्रम में हर्षोल्लास से लोहड़ी मनाई

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मुस्कान क्लब युथ रेविजिटेड में साप्तहिक विशेष कार्यक्रम में हर्षोल्लास से लोहड़ी मनाई क्लब के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि श्रीमती परमजीत कौर, जगदीश कौर, हरजीत कौर, तरनजीत कौर के सामूहिक प्रयासों से क्लब परिसर को आकर्षिक रूप मे सजाया गया व लोहड़ी जलाकर सदस्यों ने परिक्रमा देते हुए अग्नि में मक्की की फुल्ली, रेवड़ी, मूंगफली श्रद्धा पूर्वक अर्पित क्री व लोडी के गीतों पर उमंग से नाचे। क्लब के अन्य सदस्यों ने मकर संक्रांति पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। ग्रंथो को जानो के तहत रामायण, महाभारत सहित सभी धार्मिक ग्रंथों के मर्म को जीवंत बनाए रखने की दृष्टि से इन ग्रंथों पर आधारित 25 प्रश्न पूछे गए तथा विजेताओं को पोरवाल जी द्वारा प्रायोजित पुरस्कार दिए। कार्यक्रम का संचालन महासचिव डॉ नरेश शर्मा ने किया व कार्यक्रम में सूरजमल पोरवल, के के त्रिपाठी, भगवती इंद्रावत मंचसीन थे। राष्ट्र गान से कार्यक्रम का समापन हुआ व प्रसाद वितरित किया गया।



# 282 नेत्र रोगियों की जांच की गई एवं 28 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किये गये

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** निकटवर्ती ग्राम निम्बावास में स्व. गजराम सुपुत्र रगाराम पटेल की पुण्य स्मृति में नरिंगाराम सुपुत्र रगाराम पटेल द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रागंण में निःशुल्क नैत्र चिकित्सा एवं मोतियाबिन्द आपरेशन शिविर आयोजित किया गया । ब्रह्माकुमारी राजयोग केन्द्र, आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हास्पिटल जालोर तथा जिला अन्धता निवारण जालोर के संयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर दलपतसिंह, इन्दरसिह, दूर्गाराम गोयल, डा?. गीता बहन, चमनाराम पटेल, नरिंगाराम पटेल, तलकाराम पटेल, डा. अनुराग ठाकुर एवं उनकी समस्त टीम के मुख्य आतिथ्य में स्वागत सत्कार के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर दो मिनट प्रभु स्मृति में बैठकर विधिवत कैम्प का उद्घाटन किया गया । इस मौके पर गीता बहन ने कहा कि यह 132 वां कैम्प है और इस नये वर्ष 2025 का तीसरा कैम्प है । साथ ही खुशी की यह बात है कि 132 कैम्पों मे से 5 कैम्प नरिंगाराम पटेल द्वारा करवाये गये है । कुल कैम्पों में लगभग 7500 से 8000 तक आसपास के क्षेत्र से निःशुल्क आ?परेशन करवाये गये । जिसमें परमपिता परमात्मा की असीम कृपादृष्टि से सभी आपरेशन सफल हुए । साथ ही आयोजक परिवार का गांव के लोगो के प्रति, परिवार के प्रति तथा भ्रातत्व प्रेम देखते ही बनता है ।

जो वर्तमान समय को देखते हुए एक मिसाल कायम करता है । ऐसे पुण्य के कार्य सदा करते रहे और दुआओं से अपनी झोली भरते रहे । नरिंगाराम ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुझे इस प्रकार के सदकार्यों को करने की प्रेरणा ब्रह्माकुमारी गीता बहन से ही मिली है । आगे भी ऐसे पुण्य कार्य करने की प्रेरणा आपसे मिलती रहे । इस अवसर पर चाय नाश्ता की व्यस्था की गई साथ ही जरुरतमन्द को दवाई और चश्मे निःशुल्क प्रदान किए गए । आ?परेशन योग्य मरीजों को आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हास्पिटल जालोर ले जाकर निशुल्क आपरेशन कर आपको वापिस निम्बावास छोडा जाएगा । कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि डा. अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में उनकी टीम ने कुल 282 मरीजों की आंखो की जांच करते हुए योग्य मरीजों को दवाई एवं चश्मे वितरित किए । इसी प्रकार 28 मरीजों को आपरेशन हेतु जालोर भेजा गया । जहां उनका अत्याधुनिक फेको मशीन द्वारा आपरेशन किया जाएगा । इस अवसर पर दिनेशपुरी गोस्वामी, दलाभाई चौधरी, मुकेश भाई प्रजापत, अर्जुन भाई जीनगर, गणेश भाई प्रजापत, नारायण भाई, कीर्ति बहन, मंजु बहन पटेल, अंजली बहन, पोसु माता, राधा बहन, रिन्कु बहन, शारदा माता, कुमुद माता, देवु माता, एवं निम्बावास गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।